
THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES.
THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY, OUTSIDE INDIA

TradeUNO
THINK FABRIC, THINK TRADEUNO

(Please scan this QR Code to view the RHP)

GAME CHANGERS TEXFAB LIMITED

Our Company was incorporated as "Game Changers Texfab Private Limited" on April 6, 2015, as a Private Limited Company, in accordance with the provisions of the Companies Act, 2013, pursuant to a Certificate of Incorporation dated April 6, 2015 issued by the Registrar of Companies, Delhi (**"ROC"**). Thereafter, our Company was converted from a private limited company to public limited company pursuant to special resolution passed in the Extra-Ordinary General Meeting of our company dated October 8, 2024 and consequently, the name of our Company was changed from "Game Changers Texfab Private Limited" to "Game Changers Texfab Limited" and a fresh certificate of incorporation dated December 02, 2024 was issued to our Company by the Registrar of Companies, Central Registration Centre. For further details on the changes in the name and registered office of our Company, see *"History and Certain Corporate Matters"* on page 178 of the Red Herring Prospectus.

Registered Office: 3656-P NO-21, Hathi Khanna, Bahadur Garh Road, Delhi 110006; **Contact Person:** Mr. Nikunj Gupta, Company Secretary & Compliance Officer
E-mail: compliance@tradeuno.com; **Website:** www.tradeuno.com; **Corporate Identity Number:** U14101DL2015PLC278723

OUR PROMOTERS: MR. ANKUR AGGARWAL, MR. SANJEEV GOEL AND FORCE MULTIPLIER ECOMMERCE PRIVATE LIMITED

THE ISSUE IS BEING MADE THROUGH BOOK BUILDING PROCESS IN TERMS OF CHAPTER IX (INITIAL PUBLIC OFFER BY SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) OF THE SEBI (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018 (THE 'SEBI (ICDR) REGULATIONS'), AS AMENDED READ WITH RULE 19(2)(B) OF SECURITIES CONTRACT (REGULATION) RULES, 1957, AS AMENDED.

THE ISSUE

INITIAL PUBLIC OFFER OF UP TO 53,76,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10.00 EACH OF GAME CHANGERS TEXFAB LIMITED ("OUR COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE") AGGREGATING TO ₹ [●] LAKHS ("THE ISSUE") OUT OF THE ISSSUE UP TO 2,70,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ [●] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. NET ISSUE OF UP TO 51,06,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10.00 EACH AT A PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ [●] LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE WILL CONSTITUTE 30.05 % OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. FOR FURTHER DETAILS, KINDLY REFER TO CHAPTER TITILED "TERMS OF "THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE NO. 315 OF THIS RED HERRING PROSPECTUS.

ATTENTION INVESTORS - CORRIGENDUM

The Company has filed the Red Herring Prospectus dated October 15, 2025, with the Registrar of Companies, Delhi on October 17, 2025 in respect of IPO of the Company which is to be opened for subscription on Tuesday, October 28, 2025 and will close on Thursday, October 30, 2025.

The following details shall be updated while reading the Chapter *"Issue Structure"* under Section VII: Issue Information on Page 325 of the Red Herring Prospectus

In terms of Rule 19(2)(b) of the SCRR, the Issue is being made through the Book Building Process, in compliance with Regulation 252 of the SEBI ICDR Regulations:

Particulars	Market Maker Reservation Portion	QIBs (1)	Non - Institutional Investors/Bidders	Individual Investors/Bidders
Minimum Bid Size	2,70,000 Equity Shares	Such number of Equity Shares in multiples of 1,200 Equity Shares such that the Bid size exceeds 2 lots.	Such number of Equity Shares and in multiples of 1,200 Equity Shares that the Bid Size exceeds 2 lots.	Such number of Equity Shares and in multiples of 1,200 Equity Shares that the Bid Size does not exceeds 2 lots.

BOOK RUNNING LEAD MANAGER

CORPWIS
CORPORATE WISDOM

CORPWIS ADVISORS PRIVATE LIMITED
CIN: U74900MH2014PTC322723
G-07, Ground Floor, The Summit Business Park (Omkar), Andheri - Kurla Road, Andheri East, Behind Guru Nanak Petrol Pump, Mumbai – 400093, Maharashtra, India
Tel. No.: +91 22 4972 9990
Email : ipo.gamechangers@corpwis.com
Website: www.corpwis.com
Investor Grievance e-mail: investors@corpwis.com
Contact Person: Ms. Shilpa Kanodia
SEBI Registration. No.: INM000012962

REGISTRAR TO THE ISSUE

Skyline Financial Services Pvt.Ltd.

Skyline Financial Services Private Limited
CIN: U74899DL1995PTC071324
Address: D-153A, First Floor, Okhla Industrial Area, Phase - I, New Delhi – 110020
Tel: 011- 40450193 - 97
E-mail: ipo@skylinerta.com
Website: www.skylinerta.com
Investor Grievance Email ID: grievances@skylinerta.com
Contact Person: Anuj Kumar
SEBI Regn. No.: INR000003241

COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER

TradeUNO
THINK FABRIC, THINK TRADEUNO

CS Nikunj Gupta,
Company Secretary & Compliance Officer
Address: 3656-P NO-21, Hathi Khanna, Bahadur Garh Road, Central Delhi, Delhi – 110006, India
Contact Number: +91-8377936803
Email ID: compliance@tradeuno.com
Website: www.tradeuno.com

Investors can contact the Company Secretary and Compliance Officer, the BRLM or the Registrar to the Issue in case of any pre-Issue or post Issue related problems, such as non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders or non-receipt of funds by electronic mode.

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Red Herring Prospectus.

For **GAME CHANGERS TEXFAB LIMITED**
Sd/-
Mr. Sanjeev Goel
Managing Director
DIN: 02000105

Place : Delhi
Date : October 23, 2025

DISCLAIMER: GAME CHANGERS TEXFAB LIMITED is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the Red Herring Prospectus with the Registrar of Companies, Delhi and thereafter with SEBI and the Stock Exchange. The Red Herring Prospectus is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the Book Running Lead Manager to the Issue at www.corpwis.com, website of the BSE at www.bseindia.com and website of Issuer Company www.tradeuno.com. Any potential investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please refer to and rely on the Red Herring Prospectus, including the Section titled ***"Risk Factors"*** beginning on Page No. 30 of the Red Herring Prospectus.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act of 1933, as amended (**"The Securities Act"**) or any state securities law in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. State Securities laws. The Equity Shares are being issued and sold outside the United States in 'offshore transaction' in reliance on Regulation "S" under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such issues and sales are made. There will be no public offering in the United States.

KIRIN ADVISORS

खबर कोना

किशोरी के आत्महत्या मामले में थाना प्रभारी और दारोगा निलंबित

हापुड़, 23 अक्तूबर (जनसत्ता)।

छेड़छाड़ से परेशान किशोरी ने पुलिस कार्रवाई ना होने पर फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली। किशोरी की मेरठ के अस्पताल में मौत पर पुलिस जागी। पीड़िता की मां का कहना है कि वो गांव में पशु पालन कर दूध बेच परिवार का पालन पोषण करती हैं। तीन अक्तूबर को बड़ी बेटी के साथ जंगल में चारा लेने गई थी। छोटी बेटी को अकेली पाकर इंद्रपाल नामक युवक ने घर में घुसकर छेड़छाड़ करते हुए बलात्कार का प्रयास किया। पुत्री के शोर मचाने पर आरोपित भाग गया व ग्रामीण इकट्ठा हो गए किशोरी ने डायल-112 पर सूचना दी परंतु कोई कार्रवाई ना होने पर रात्रि में फांसी लगा ली। साइलो चौकी प्रभारी दारोगा जसवंत सिंह की लापरवाही के कारण सात अक्तूबर को मुकदमा चार दिन बाद दर्ज हुआ। प्रकरण में चौकी प्रभारी के साथ कोतवाली प्रभारी विजय गुप्ता ने भी गंभीर लापरवाही बरती। सोमवार को किशोरी की मौत के बाद प्रकरण खुला तो लोग आश्चर्यचकित रह गए। मामले को एसपी ज्ञानंजय सिंह को भी अवगत नहीं कराया गया। सीओ वरूण मिश्रा की जांच में पुलिस की छवि धूमिल करने वाले दोनों अधिकारी दोषी पाए गए हैं।

रंजिशन किया पथराव, बेटी की मौत; मां गंभीर घायल

मथुरा, 23 अक्तूबर (जनसत्ता)।

थाना जैत क्षेत्र में पुरानी रंजिश ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। बच्चों के पटाखा चलाने की बात पर बुधवार देर रात हुए विवाद में सात लोगों ने पीड़ित के घर पर छत से पथराव कर दिया। इस हमले में एक 24 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जैत थाना क्षेत्र के गांव जैत निवासी टीकेंद्र सिंह पुत्र दीपचंद गौतम ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी मनोहर सहित सात व्यक्तियों ने उनके बच्चों द्वारा पटाखे चलाने पर विवाद किया। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से घर की छत से पथराव किया। इस हमले में टीकेंद्र सिंह की पत्नी सरोज और पुत्री साधना (उम्र करीब 24 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों घायलों को उपचार के लिए सिटी अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही पुत्री साधना पत्नी शंकर (निवासी राधावैली थाना हाइवे) की मौत हो गई। वह मायके में आई हुई थी। पत्नी सरोज को गंभीर हालत में सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। मृतका साधना के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया।

'चीनी मिलों का पेराई सत्र 28 अक्तूबर से 11 नवंबर के बीच शुरू होगा'

सहारनपुर, 23 अक्तूबर (जनसत्ता)।

सहारनपुर के गन्ना उपायुक्त ओमप्रकाश सिंह ने गुरुवार को बताया कि गन्ना विभाग ने सभी चीनी मिलों का गन्ना आरक्षित कर दिया है और मंडल की सभी 19 चीनी मिलें गन्ना पेराई करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने गुरुवार को बताया कि चीनी मिलों का पेराई कार्यक्रम जारी हो गया है। उसके अनुसार सभी चीनी मिलें 28 अक्तूबर से 11 नवंबर के बीच शुरू हो जाएंगी। कार्यक्रम के मुताबिक 28 अक्तूबर से देवबंद, खतौली और मंसूरपुर पेराई शुरू करेंगी। एक नवंबर को गागलहेड़ी, रोहाना, बुढ़ाना और थानाभवन चल जाएंगी। दो नवंबर को तितावी, तीन नवंबर को ढिकोला, चार नवंबर को गांगनौली, खाईखेड़ी और ऊन चीनी मिलें चलेंगी। सात नवंबर को शेरमऊ, शामली और बिड़वी पेराई शुरू करेंगी। 11 नवंबर को नानौता, सरसावा, मोरना सहकारी चीनी मिलें अपना नया पेराई सत्र शुरू कर देंगी।

मथुरा में पराली जलाने की घटनाओं को लेकर दो कर्मी निलंबित

मथुरा, 23 अक्तूबर (जनसत्ता)।

मथुरा जिले में किसानों द्वारा पराली (फसलों के अवशेष) जलाने की घटनाओं की पुनरावृत्ति होने पर गुरुवार को एक ग्राम विकास अधिकारी समेत दो कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है तथा कई तहसीलदारों एवं खंड विकास अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है।

जिला प्रशासन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने गांवों का भ्रमण कर छाता, मांट एवं गोवर्धन के तहसीलदारों तथा क्षेत्र के खंड विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करके जवाब तलब किया है।

व्यापारी से जबरन नाक रगड़वाकर माफी मंगवाने का मामला

भाजपा नेता सभी पदों से बर्खास्त, सदस्यता निलंबित

मेरठ, 23 अक्तूबर (जनसत्ता)।

मेरठ के तेजगढ़ी चौराहे पर कपड़ा व्यापारी से अभद्रता कर सड़क पर नाक रगड़वाने के आरोप में घिरे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) किसान मोर्चा की जिला इकाई के उपाध्यक्ष विकुल चपराणा के खिलाफ पार्टी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें सभी पदों से हटा दिया है। किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर ने बुधवार को आदेश जारी कर विकुल को सभी पदों से तत्काल प्रभाव से हटाते हुए उनकी प्राथमिक सदस्यता भी निलंबित कर दी।

इस मामले में पुलिस ने विकुल के तीन सहयोगियों हैप्पी भड़ाना, आयुष शर्मा और सुबोध यादव को भी देर रात गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य की तलाश जारी है। अधिकारियों के अनुसार, इनके खिलाफ दर्ज मुकदमे में मार्ग अवरुद्ध करने और वाहन में तोड़फोड़ करने की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डा विपिन ताडा ने बताया कि व्यापारी सत्यम रस्तोगी से नाक रगड़वाकर माफी मंगवाने की घटना की जांच पुलिस अधीक्षक (नगर) को सौंपी गई है। विकुल को गिरफ्तारी के बाद अदालत से जमानत मिल गई थी। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर ने अपने पत्र में लिखा है कि विकुल का यह आचरण पार्टी की मर्यादा और अनुशासन के विरुद्ध है तथा यह 'आपराधिक मानसिकता' को दर्शाता है।

> *इस* मामले में पुलिस ने विकुल के तीन सहयोगियों हैप्पी भड़ाना, आयुष शर्मा और सुबोध यादव को भी देर रात गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य की तलाश जारी है। अधिकारियों के अनुसार, इनके खिलाफ दर्ज मुकदमे में मार्ग अवरुद्ध करने और वाहन में तोड़फोड़ करने की धाराएं भी जोड़ी गई हैं।

घटना के बाद विपक्षी दलों और व्यापारिक संगठनों ने भी मोर्चा खोल दिया है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने ऊर्जा राज्य मंत्री डा सोमेंद्र तोमर से इस्तीफे की मांग की है, जिनका नाम विकुल ने वीडियो में लिया था। सपा के प्रदेश सचिव विपिन चौधरी और वरिष्ठ नेता मुखिया गुर्जर ने प्रदर्शन कर आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम लगाने की मांग की है। मेरठ व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जीतू सिंह नागपाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि व्यापारी वर्ग में भय का वातावरण समाप्त हो।

तेजगढ़ी चौराहे पर एक रेस्तरां के बाहर 19 अक्तूबर रात वाहन पार्क करने को लेकर व्यापारी सत्यम रस्तोगी का भाजपा नेता विकुल चपराणा से विवाद हो गया था, जिसके बाद विकुल ने व्यापारी से जबरन नाक रगड़वाकर माफी मंगवाई। पूरा घटनाक्रम वीडियो में कैद हो गया, जो बाद में इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया और पुलिस ने देर रात विकुल के खिलाफ कार्रवाई कर मामला दर्ज किया। हालांकि, व्यापारी सत्यम रस्तोगी ने बाद में कहा कि वह पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट हैं और उनका किसी से व्यक्तिगत विवाद नहीं है।

अयोध्या फैसले को अमान्य घोषित करने संबंधी याचिका खारिज करने का आदेश बरकरार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 अक्तूबर।

दिल्ली की एक अदालत ने अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अमान्य घोषित करने का अनुरोध करने वाली याचिका को खारिज करने के एक दीवानी न्यायाधीश के आदेश को बरकरार रखा है।

जिला अदालत ने दीवानी अदालत के अप्रैल 2025 के आदेश के खिलाफ अधिवक्ता महमूद प्राचा द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। दीवानी अदालत ने एक लाख रुपए के जुर्माने के साथ याचिका खारिज कर दी थी। जिला न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा ने इस बात को रेखांकित किया कि सर्वशक्तिमान ईश्वर से मार्गदर्शन लेने की, चाहे वह कानून में हो या किसी भी धर्म में, अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए किए गए कपटपूर्ण कार्य के रूप में निंदा नहीं की जा सकती। उन्होंने तुच्छ मुकदमा दायर करने की समस्या को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए पांच लाख रुपए का अतिरिक्त जुर्माना लगाया। अदालत ने मामले के तथ्यों पर गौर करते हुए कहा कि प्राचा ने दावा किया था कि पुणे में एक सार्वजनिक संबोधन के दौरान भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने स्वीकार किया था कि अयोध्या मामले में अक्तूबर 2019 का फैसला 'भगवान श्री राम लला विराजमान द्वारा उन्हें प्रदान किए गए समाधान के संदर्भ में था।' उसने कहा कि इसी के आधार पर प्राचा ने फैसले को रद्द करने के साथ-साथ नए सिरे से निर्णय लिए जाने का अनुरोध करते हुए एक मुकदमा दायर किया।

अदालत ने उल्लेख किया कि दीवानी न्यायाधीश द्वारा याचिका खारिज किए जाने के आदेश के विरुद्ध प्राचा ने वर्तमान अपील दायर की। न्यायाधीश राणा ने 18 अक्तूबर के आदेश में पांच लाख रुपए के अतिरिक्त जुर्माने के साथ अपील को खारिज करते हुए कहा कि अधीनस्थ अदालत (दीवानी अदालत) द्वारा लगाया गया जुर्माना इस प्रकार की याचिकाएं दायर करने से रोकने के इच्छित लक्ष्य को प्राप्त करने में स्पष्ट रूप से विफल रहा है। उन्होंने कहा कि प्राचा ने अयोध्या मामले के फैसले को बिना पढ़े ही 'बेहद तुच्छ आधार' पर उसे चुनौती दी। न्यायाधीश ने कहा कि 'अहम् ब्रह्मास्मि' हिंदू दर्शन का एक मूल सिद्धांत है जो इस विचार को मूर्त रूप देता है कि व्यक्ति की आत्मा सार्वभौमिक, अनंत चेतना से अलग नहीं है और यहां तक कि कुरान भी भक्त को सर्वशक्तिमान अल्लाह से सही मार्ग के लिए मार्गदर्शन लेने की अनुमति देता है।

नए प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, 23 अक्तूबर (ब्यूरो)।

केंद्र सरकार ने भारत के अगले प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया गुरुवार को शुरू कर दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। वर्तमान प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया से वाकिफ लोगों ने बताया कि न्यायमूर्ति गवई को उनके उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश करने के लिए कहने से संबंधित पत्र गुरुवार शाम या शुक्रवार तक मिल जाएगा।

प्रक्रिया ज्ञापन के मुताबिक, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति, स्थानांतरण एवं पदोन्नति के नियम निर्धारित करने वाले दस्तावेजों में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश के पद पर शीर्ष अदालत के वरिष्ठतम न्यायाधीश की नियुक्ति होनी चाहिए, जिन्हें पद धारण करने के लिए उपयुक्त समझा जाए। प्रक्रिया ज्ञापन के अनुसार, केंद्रीय कानून मंत्री भारत के प्रधान न्यायाधीश से उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति के लिए उचित समय पर सिफारिश मांगेंगे। परंपरागत रूप से, सिफारिश मांगने संबंधी पत्र प्रधान न्यायाधीश के 65 साल की आयु होने पर सेवानिवृत्ति से एक महीने पहले भेजा जाता है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत न्यायमूर्ति गवई के बाद उच्चतम न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं और भारतीय न्यायपालिका के अगले प्रमुख बनने की कतार में पहले पायदान पर हैं।

आस्था — प्रयागराज में गुरुवार को भाई दूज के अवसर पर यमुना नदी के तट पर अनुष्ठान करते श्रद्धालु।

यूपी सरकार ने 60 लाख टन खरीद का लक्ष्य रखा

धान की सरकारी खरीद एक नवंबर से शुरू होगी

लखनऊ, 23 अक्तूबर (भाषा)।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के संभागों में एक नवंबर से सरकारी केंद्रों पर धान की खरीद शुरू होगी। यह 28 फरवरी तक जारी रहेगी। राज्य सरकार की ओर से गुरुवार को जारी बयान के मुताबिक यह खरीद पूर्वी उत्तर प्रदेश के चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मीरजापुर व प्रयागराज संभागों में होगी। इसके साथ ही लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में भी एक नवंबर से खरीद होगी जो 28 फरवरी 2026 तक चलेगी।

> *यह* खरीद पूर्वी उत्तर प्रदेश के चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मीरजापुर व प्रयागराज संभागों में होगी।

खरीद सत्र 2025-26 में धान बिक्री के लिए एक सितंबर से किसानों द्वारा पंजीकरण शुरू किया गया। गुरुवार 23 अक्तूबर तक 1,37,166 किसानों ने पंजीकरण कराया। बयान के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़, झांसी संभाग में एक अक्तूबर से खरीद हो रही है। वहीं लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में भी धान खरीद जारी है। राज्य सरकार ने 60 लाख टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है। विगत 23 दिन में इन संभागों में 35.63 हजार टन से अधिक की खरीद की जा चुकी है। सरकार ने 4000 क्रय केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 3790 क्रय केंद्र स्थापित हो गए हैं। सरकार इन केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदारी कर रही है। सरकार ने इस वर्ष धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि भी की है। 'समान्य' धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2369 रुपए और 'ग्रेड ए' का 2389 रुपए प्रति कुंतल तय किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान का निर्देश दिया है।

सियालदह-जयनगर-सियालदह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

आगामी छठ पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **03183/03184 सियालदह - जयनगर - सियालदह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:-

सियालदह - जयनगर स्पेशल			(03183) (03184)	जयनगर-सियालदह स्पेशल		
दिन	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	दिन
	-	17.00	↓ सियालदह	00.30	-	26.10.25
24.10.25	19.10	19.12	बर्द्धमान जंक्शन	21.55	21.57	
	21.10	21.15	आसनसोल जंक्शन	20.10	20.15	
	23.10	23.12	जसीडीह जंक्शन	17.25	17.27	25.10.25
25.10.25	04.40	04.45	दरभंगा जंक्शन	11.00	11.05	
	07.00	-	जयनगर ↑	-	09.00	

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में नैहाटी जंक्शन, बैण्डेल जंक्शन, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर जंक्शन, झाझा, किऊल जंक्शन, बरौनी जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन और मधुबनी स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: सियालदह से - 03183** दिनांक 24.10.2025 (शुक्रवार) को = 01 ट्रिप और **जयनगर से - 03184** दिनांक 25.10.2025 (शनिवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी - 18, एसएलआरडी - 02 = 20 कोच (अनारक्षित)। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES.
THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY, OUTSIDE INDIA

TradeUNO
THINK FABRIC. THINK TRADEUNO

(Please scan this QR Code to view the RHP)

GAME CHANGERS TEXFAB LIMITED

Our Company was incorporated as "Game Changers Texfab Private Limited" on April 6, 2015, as a Private Limited Company, in accordance with the provisions of the Companies Act, 2013, pursuant to a Certificate of Incorporation dated April 6, 2015 issued by the Registrar of Companies, Delhi (**"ROC"**). Thereafter, our Company was converted from a private limited company to public limited company pursuant to special resolution passed in the Extra-Ordinary General Meeting of our company dated October 8, 2024 and consequently, the name of our Company was changed from "Game Changers Texfab Private Limited" to "Game Changers Texfab Limited" and a fresh certificate of incorporation dated December 02, 2024 was issued to our Company by the Registrar of Companies, Central Registration Centre. For further details on the changes in the name and registered office of our Company, see *"History and Certain Corporate Matters"* on page 178 of the Red Herring Prospectus.

Registered Office: 3656-P NO-21, Hathi Khanna, Bahadur Garh Road, Delhi 110006; **Contact Person:** Mr. Nikunj Gupta, Company Secretary & Compliance Officer
E-mail: compliance@tradeuno.com; **Website:** www.tradeuno.com; **Corporate Identity Number:** U14101DL2015PLC278723

OUR PROMOTERS: MR. ANKUR AGGARWAL, MR. SANJEEV GOEL AND FORCE MULTIPLIER ECOMMERCE PRIVATE LIMITED

THE ISSUE IS BEING MADE THROUGH BOOK BUILDING PROCESS IN TERMS OF CHAPTER IX (INITIAL PUBLIC OFFER BY SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) OF THE SEBI (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018 (THE 'SEBI (ICDR) REGULATIONS'), AS AMENDED READ WITH RULE 19(2)(B) OF SECURITIES CONTRACT (REGULATION) RULES, 1957, AS AMENDED.

THE ISSUE

INITIAL PUBLIC OFFER OF UP TO 53,76,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10.00 EACH OF GAME CHANGERS TEXFAB LIMITED ("OUR COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE") AGGREGATING TO ₹ [●] LAKHS ("THE ISSUE") OUT OF THE ISSSUE UP TO 2,70,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ [●] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. NET ISSUE OF UP TO 51,06,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10.00 EACH AT A PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ [●] LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE WILL CONSTITUTE 30.05 % OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. FOR FURTHER DETAILS, KINDLY REFER TO CHAPTER TITILED "TERMS OF "THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE NO. 315 OF THIS RED HERRING PROSPECTUS.

ATTENTION INVESTORS - CORRIGENDUM

The Company has filed the Red Herring Prospectus dated October 15, 2025, with the Registrar of Companies, Delhi on October 17, 2025 in respect of IPO of the Company which is to be opened for subscription on Tuesday, October 28, 2025 and will close on Thursday, October 30, 2025.

The following details shall be updated while reading the Chapter *"Issue Structure"* under Section VII: Issue Information on Page 325 of the Red Herring Prospectus

In terms of Rule 19(2)(b) of the SCRR, the Issue is being made through the Book Building Process, in compliance with Regulation 252 of the SEBI ICDR Regulations:

Particulars	Market Maker Reservation Portion	QIBs (1)	Non - Institutional Investors/Bidders	Individual Investors/Bidders
Minimum Bid Size	2,70,000 Equity Shares	Such number of Equity Shares in multiples of 1,200 Equity Shares such that the Bid size exceeds 2 lots.	Such number of Equity Shares and in multiples of 1,200 Equity Shares that the Bid Size exceeds 2 lots.	Such number of Equity Shares and in multiples of 1,200 Equity Shares that the Bid Size does not exceeds 2 lots.

BOOK RUNNING LEAD MANAGER

CORPWIS
CORPORATE WISDOM

CORPWIS ADVISORS PRIVATE LIMITED
CIN: U74900MH2014PTC322723
G-07, Ground Floor, The Summit Business Park (Omkar), Andheri - Kurla Road, Andheri East, Behind Guru Nanak Petrol Pump, Mumbai – 400093, Maharashtra, India
Tel. No.: +91 22 4972 9990
Email : ipo.gamechangers@corpwis.com
Website: www.corpwis.com
Investor Grievance e-mail: investors@corpwis.com
Contact Person: Ms. Shilpa Kanodia
SEBI Registration. No.: INM000012962

REGISTRAR TO THE ISSUE

Skyline Financial Services Pvt.Ltd.

Skyline Financial Services Private Limited
CIN: U74899DL1995PTC071324
Address: D-153A, First Floor, Okhla Industrial Area, Phase - I, New Delhi – 110020
Tel: 011- 40450193 - 97
E-mail: ipo@skylinerta.com
Website: www.skylinerta.com
Investor Grievance Email ID: grievances@skylinerta.com
Contact Person: Anuj Kumar
SEBI Regn. No.: INR000003241

COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER

TradeUNO

CS Nikunj Gupta,
Company Secretary & Compliance Officer
Address: 3656-P NO-21, Hathi Khanna, Bahadur Garh Road, Central Delhi, Delhi – 110006, India
Contact Number: +91-8377936803
Email ID: compliance@tradeuno.com
Website: www.tradeuno.com

Investors can contact the Company Secretary and Compliance Officer, the BRLM or the Registrar to the Issue in case of any pre-Issue or post Issue related problems, such as non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders or non-receipt of funds by electronic mode.

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Red Herring Prospectus.

For **GAME CHANGERS TEXFAB LIMITED**
Sd/-
Mr. Sanjeev Goel
Managing Director
DIN: 02000105

Place : Delhi
Date : October 23, 2025

DISCLAIMER: GAME CHANGERS TEXFAB LIMITED is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the Red Herring Prospectus with the Registrar of Companies, Delhi and thereafter with SEBI and the Stock Exchange. The Red Herring Prospectus is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the Book Running Lead Manager to the Issue at www.corpwis.com, website of the BSE at www.bseindia.com and website of Issuer Company www.tradeuno.com. Any potential investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please refer to and rely on the Red Herring Prospectus, including the Section titled ***"Risk Factors"*** beginning on Page No. 30 of the Red Herring Prospectus.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act of 1933, as amended (**"The Securities Act"**) or any state securities law in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. State Securities laws. The Equity Shares are being issued and sold outside the United States in 'offshore transaction' in reliance on Regulation "S" under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such issues and sales are made. There will be no public offering in the United States.

KIRIN ADVISORS